मनोज ठक्कर को सरदार पटेल सम्मान

09 फरवरी 2015, नई दिल्ली, श्री मनोज ठक्कर एक ऐसे फ़क़ीर है जो अपने साहित्य, अध्यात्म और युवाओं पर किए गए कार्यो के लिए जाने जाते है, उनके इसी क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व योगदान एवं उपलब्धियों के लिए उन्हें सरदार वल्लभ भाई पटेल फ़ाउन्डेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सरदार पटेल सम्मान से सम्मानित किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा निभाई गई महत्त्वपूर्ण भूमिका के विषय में और अधिक जागरुक करने एवं इस महान व्यक्ति के व्यक्तित्त्व को हर भारतीय के दिल में जगाने के लिए एनजीओ सरदार वल्लभ भाई पटेल फ़ाउन्डेशन हर वर्ष लौह पुरुष सरदार पटेल की याद में सरदार पटेल सम्मान का आयोजन करती है। यह सम्मान श्री ठक्कर के अतिरिक्त छः अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सामाजिक उत्थान, शिक्षा, शैक्षणिक नेतृत्व, विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यो के लिए प्रदान किया गया।

श्री मनोज ठक्कर के लेखन कार्य एवं उनके द्वारा यूवाओं को प्रेरित करने के कार्यों में यह सम्मान किसी न किसी रूप में अवश्य एक स्वप्रेरणा होगा। इस प्रकार के सम्मान उनके द्वारा किए गए तीनों लेखन (प्राण काव्य, काशी

मरणान्मुक्ति, दी मिस्टिक फ़ेथ) कार्यों की गूढता व गंभीरता का प्रमाण भी है कि वे सतत कई राजकीय एवं सामजिक प्रतिष्ठानों द्वारा सम्मानों, सराहनाओ, पुरस्कारों आदि से अलंकृत किए जा रहे है।

9वें अंतर्राष्ट्रीय सरदार सम्मान के उत्सव को सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री बाल्मीकि प्रसाद सिंह एवं सचिव संगीत नाट्य अकादमी सुश्री हेलेन आचार्य की उपस्तिथि ने भव्यता प्रदान कि। सरदार वल्लभ भाई पटेल फ़ाउन्डेशन के अध्यक्ष श्री रामावतार शास्त्री ने इस अवसर पर यह बताया की वे बचपन से ही सरदार पटेल के कार्यो एवं सिद्धांतों के प्रशंसक थे और उनके सिद्धांतों को आमजन के बीच प्रतिपादित करने के लिए उन्होंने 2003 में इस संस्था की स्थापना की ।

संलग्न:

1. सम्मान की फोटो प्रति
2. सम्मान कार्यक्रम का विवरण

सेवा में

संपादक महोदय,

....